**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,वन एवं वन्य जीव प्रभाग,बरेली।**

**पत्रांक 2115 /14– 1,बरेली,दिनांक, 26 नवम्बर, 2024।**

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्य जीव, बरेली वृत्त,बरेली।

बिषयः– जनपद बरेली में बरेली–रामपुर मार्ग (पुराना एन0एच0–24) किमी0 242, चैनेज 241.650, प्लाट नं0–सी0पी03, सी0बी0गंज तहसील–सदर, जिला बरेली पर रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे सिक्का होटल के सम्पर्क मार्ग में प्रभावित 0.0922187 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 19 वृक्षों के पातन की अनुमति सम्बन्धी।
(Online Proposal No. FP/UP/Approach/49598/2020)

संदर्भः– आपका पत्रांक 1004 / 35–1 दिनांक 18.09.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में प्रस्तावक द्वारा अपने पत्र दिनांक 11.11.2024 के माध्यम से प्रस्ताव में वर्णित आपत्ति के सापेक्ष बिन्दुवार आख्या प्रेषित की है जो निम्नवत हैः–

| कम सं0 | इंगित आपत्ति | प्रस्तावक द्वारा आपत्ति निराकरण आख्या |
|---|---|---|
| 01 | अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रस्ताव के साथ संलग्न बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली के साइट प्लान में प्लाट नं सी0पी0–03 के ठीक बगल से 7.50 मीटर चौड़ाई की एक सडक दर्शित है। जब प्रश्नगत प्लाट नं0 सी0पी0–03 के ठीक बगल से 7.50 मीटर की एक सडक गुजर रही है, तो क्या किसी अन्य साइड से एप्रोच का प्रस्ताव है? | वर्णित आपत्ति के अनुपालन में अनुसचिव, उ0प्र0 सरकार उ0प्र0 शासन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग – 2, लखनऊ द्वारा इंगित की गयी आपत्ति के क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण बरेली के साईट प्लाट नं0 3 के ठीक बगल से 7.50 मी0 चौड़ाई की एक सड़क गुजर रही है जिसके सम्बन्ध में बरेली विकास प्राधिकरण ने अपने पत्रांक 3025 / व0वि0प्रा0 / 2024–25 दिनांक 09.11.2024(छायाप्रति संलग्न ) से अवगत कराया है , कि लोहिया विहार योजना (सी0बी0गंज) के स्वीकृत मानचित्र में रामपुर रोड पर 7.50 मी0 चौड़े सर्विस मार्ग को प्रदर्शित किया गया है। उक्त सर्विस मार्ग का निर्माण स्थल पर कोई निर्माण नहीं हुआ है, और न ही निकट भविष्य में उक्त सर्विस मार्ग के निर्माण की सम्भावना है। भू खण्ड सं0– सी0पी0 – 3 के रामपुर रोड से सम्पर्क मार्ग हेतु प्रस्तावित भूमि ही निकटतम एवं एकमात्र उपलब्ध मार्ग है इसके अतिरिक्त रामपुर रोड पर पहुँचने हेतु अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। |

अतः याचक विभाग द्वारा प्रेषित आपत्ति निराकरण आख्या महोदय की सेवा में अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

**संलग्नक – उपरोक्तानुसार**

भवदीया,
26/11/2024
(दीक्षा भण्डारी)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

पत्रांक 2115 /14–1,दिनांकित।

प्रतिलिपि प्राधीकृत हस्ताक्षरकर्ता, रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0, सिक्का हाउस, सी–1 प्रीत विहार, विकास मार्ग दिल्ली–110092 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

26/11/2024
(दीक्षा भण्डारी)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

Scanned with OKEN Scanner